



वर्ष : 27 | अंक : 55 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 14 फरवरी, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# ट्रंप से सीखता हूँ देश सर्वोपरि : मोदी

## रक्षा, व्यापार, तकनीक के क्षेत्र में अमेरिका से समझौता








राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को एक खास गिफ्ट भेंट की है। राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को एक किताब भेंट की है। इस किताब में राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के साथ-साथ के सफर को दर्शाती है। 'अवर जर्नी टुगेदर' नाम की इस किताब में 'हाउडी मोदी' और 'नमस्ते ट्रंप' के कुछ पलों की झलकियों की तस्वीर दिख रही है। ट्रंप ने किताब पर हस्ताक्षर करते हुए लिखा, 'मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, आप महान हैं।'

### ट्रंप का ऐलान

**वर्ष- 2008 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा को भारत सौंपेगा अमेरिका।**

**वाशिंगटन ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई, साथ ही कई अहम समझौते भी हुए। दोनों देशों के बीच पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की खरीद को लेकर बातचीत हुई तो साथ ही दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को साल 2030 तक 500 अरब डॉलर तक लेकर जाने का भी लक्ष्य तय किया गया। अमेरिका के साथ भारत ने रक्षा व्यापार, तकनीक, ऊर्जा और अप्रवासन सहित आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ने जैसे अहम समझौते किए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका दौरे पर दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में कई अहम समझौते हुए, जिनमें दोनों देशों के बीच एक 10 साल का फ्रेमवर्क बनाने पर सहमति बनी, जिससे दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी को बढ़ाया जाएगा। इसके तहत भारत, अमेरिका से जेवलिन एंटी टैंक मिसाइलें, स्ट्राइकर आर्म्ड लड़ाकू वाहन और पी81 नौसैनिक सर्विलांस विमानों की खरीद करेगा। साथ ही इंटरनेशनल ट्रैफिक इन आर्म्स रेगुलेशंस की भी समीक्षा की जाएगी, जिससे दोनों देशों के बीच तकनीकी स्थानांतरण और रक्षा उपकरणों की सप्लाई हो सके। भारत और अमेरिका रेसीप्रोकल डिफेंस (शेष पृष्ठ-3 पर)

# न्यू-इंडिया कोऑपरेटिव बैंक पर RBI ने लगाया बैन

## बैंक से पैसा निकालने जुटी भीड़



**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एक कड़ा फैसला लेते हुए एक सहकारी बैंक पर बैन लगा दिया है जिसके बाद इस बैंक के खाताधारकों में हड़कंप मच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने एक सहकारी बैंक पर 6 महीने के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। अब कोई भी कस्टमर्स इस बैंक से पैस विड्रॉल नहीं कर सकता। जैसे ही यह जानकारी अकाउंट होल्डर्स तक पहुंची, मुंबई के अंधेरी में बैंक के विजयनगर शाखा बाहर बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। यह बैंक न्यू इंडिया कोऑपरेटिव है, जिससे पैसे निकालने पर भी पाबंदी लग चुकी है।

अधिकारी भीड़ को काबू करने के लिए बैंक के बाहर खड़े लोगों को कूपन दे रहे हैं, ताकि वे अपने लॉकर खोल सके। हालांकि जिन लोगों (शेष पृष्ठ-3 पर)

### आरबीआई ने लगाई पाबंदी?

"आरबीआई ने इस बैंक पर किसी भी तरह के लोन जारी करने पर भी रोक लगा दी है। साथ ही बैंक से पैसे निकालने से भी रोक दिया गया है। आरबीआई का कहना है कि यह बैंक की आर्थिक स्थिति को देखकर फैसला लिया गया है. ताकि बैंक आगे चलकर डूबे नहीं और लोगों के पैसे सेफ रहे. किसी भी तरह के बैंक में पैसे आने पर कोई रोक टोक नहीं लगाई गई है।

# कंपनी साइट पर गिरकर मौत, मालिक व सिक्योरिटी एजेंसी पर एफआईआर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस दो में एक महिला ने अपने पति की मौत के मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में कंपनी मालिक व सिक्योरिटी एजेंसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कंपनी में काम करने के दौरान महिला के पति की मौत हो गई थी।

मूल रूप से जनपद अमरोहा की रहने वाली श्रीमती रेशमिया ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने पति के साथ ग्राम गढ़ी शाहदरा में रह रही थी। उसका पति यादराम सौरभ सिक्योरिटी सर्विस कंपनी के माध्यम से सेक्टर 136 स्थित चंद्रलेखा कंस्ट्रक्शन आईटी कंपनी में पिछले 2 साल से सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्य कर रहा था। उसे सौरभ सिक्योरिटी सर्विस कंपनी द्वारा वेतन का भुगतान किया जाता था। 1 दिसंबर 2022 को उसका पति सुबह ड्यूटी पर गया था। कुछ देर बाद उसके बेटे को फोन के माध्यम से बताया गया कि उसके पिता गिर गए हैं और उन्हें चोटें आई हैं। इसके बाद वह अपने बेटे के साथ निर्माणाधीन कंपनी की साइट पर पहुंची, वहां उसका पति गंभीर हालत में जमीन पर लहू लुहान पड़ा हुआ था और उसके पेट में सरिया घुसा हुआ था। इसके अलावा उसके पति (शेष पृष्ठ-3 पर)

# कोचिंग सेंटर गई किशोरी गायब

**नोएडा ( चेतना मंच )।** घर से कोचिंग सेंटर के लिए निकली किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी के पिता की शिकायत पर थाना फेस 3 पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सेक्टर 70 में रहने वाले राकेश काल्पनिक नाम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी 12 फरवरी की सुबह घर से मामूरा स्थित कोचिंग सेंटर के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। काफी देर बाद भी जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। खोजबीन के दौरान पता चला कि उसकी बेटी ई रिक्शा में बैठकर जाती हुई दिखाई दी थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और किशोरी की तलाश कर रही है।

# फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर किया बदनाम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-113 में एक व्यक्ति ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उसे बदनाम करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का कहना है कि फर्जी फेसबुक आईडी पर शरारती तत्व द्वारा उसका चरित्र हनन किया जा रहा है।

सेक्टर 120 में रहने वाले आलोक पांडे ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि किसी अज्ञात व्यक्तियों ने कूट रचना कर उसके नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाई हुई है। इस आईडी पर अपमानजनक तथ्यों को प्रसारित कर उसका चरित्र हनन किया जा रहा है। उसके परिचितों ने जब इस आई डी के बारे में बताया तो उसने अज्ञात लोगों के खिलाफ 7 अगस्त को नोएडा की साइबर सेल में शिकायत की थी। आलोक पांडे का कहना है कि फर्जी फेसबुक आईडी पर गलत तथ्य पेश कर उसका चरित्र हनन कर सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है।

# युवती को झांसा देकर ऑनलाइन की ठगी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जालसाज ने एक युवती को उसके पिता का परिचित बताते हुए ऑन लाइन ज्यादा पैसा ट्रांसफर होने का झांसा देकर 18 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। युवती के पिता ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ थाना फेस 3 में मुकदमा दर्ज कराया है। गायत्री वाटिका सोसायटी गढ़ी चौखंडी में रहने वाले ओपी श्रीवास्तव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी बेटी के मोबाइल फोन पर 17 जनवरी को एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि वह उसके पिता का परिचित है। उसके पिता के खाते में उसे 2000 हजार रुपए भेजने थे, लेकिन गलती से खाते में 20000 रुपए ट्रांसफर हो गए हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# अब घर बैठे देखें, किस संपत्ति पर प्राधिकरण की कितनी देनदारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** किस संपत्ति पर नोएडा प्राधिकरण की कितनी देनदारी है। इसे अब घर बैठे एक क्लिक करके देखा जा सकता है। प्राधिकरण ने इसका पूरा डेटा तैयार किया है। इसे अपलोड किया जाएगा। इसके बाद उन आवंटियों को आसानी होगी जिनको रि-सेल में प्रॉपर्टी खरीदनी है। उनको प्रॉपर्टी की पूरी डिटेल मिल सकेगी। ये पूरी जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट के जरिए जियो ग्राफिकल इंफोर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) से मिल सकेगी।

दरअसल नोएडा की प्रॉपर्टी लीज पर है। यहां प्रॉपर्टी खरीद फारोख्त या रिसेल करने के बाद ट्रांसफर ऑफ मैमोरेंडम (टीएम) किया जाता है। प्रॉपर्टी तभी दूसरे व्यक्ति के नाम होगी जब मूल आवंटी का सभी बकाया क्लियर होगा। उसे एनओसी दी जाएगी। इसी एनओसी के आधार पर टीएम चार्ज देकर कराया जाता है। ऐसे में लोगों को प्रॉपर्टी की पूरी जानकारी इस जीआईएस सिस्टम से मिल सकेगी। वो किसी फ्राड का शिकार नहीं होगा।

इस सिस्टम में प्रॉपर्टी का बकाया डेटा अपलोड होने के साथ वर्तमान में आप प्लाट नंबर सिलेक्ट करने पर ऑनर का नाम, एरिया, अलॉटमेंट आईडी, अलॉटमेंट डेट, लीज डेट के साथ मैप के जरिए प्लाट के आसपास की पूरी लोकेशन, रोड इंफ्रास्ट्रक्चर, पार्किंग आदि के बारे में पूरी जानकारी मिल रही है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि यहां अपलोड किया (शेष पृष्ठ-3 पर)

# खिड़की तोड़कर चुराया लैपटॉप

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-73 स्थित जे एस आर अपार्टमेंट से चोरों ने एक व्यक्ति के घर की खिड़की तोड़कर लैपटॉप चोरी कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



मूल रूप से मध्य प्रदेश के रहने वाले रुद्रेश दीक्षित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह हाल में सेक्टर 73 स्थित जे एस आर अपार्टमेंट में रह रहा है। जनवरी माह में वह अपने परिवार में होने वाले विवाह समारोह में सम्मिलित होने के लिए मध्य प्रदेश गया था। करीब 15 दिन बाद 2 फरवरी को जब वह वापस लौटा तो उसे कमरे की खिड़की टूटी हुई मिली। दरवाजा खोलकर जब वह भीतर पहुंचा तो कमरे में रखा लैपटॉप गायब था। उसने अपने लैपटॉप की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

# स्कूल के सामने मोबाइल छीना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के गांधी स्मारक स्कूल के बाहर से बाइक सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति से मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सेक्टर 62 रहित विहार निवासी इरफान अहमद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 4 फरवरी की सुबह वह सेक्टर 22 स्थित गांधी स्मारक स्कूल के पास खड़ा होकर अपने ऑफिस की गाड़ी आने का इंतजार कर रहा था। इस दौरान बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया। उसने शोर मचाकर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह मौके से फरार हो गए। उसने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# एमएसएमई उद्यमियों के लिए औद्योगिक भूखंड स्कीम शीघ्र

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण शीघ्र एमएसएमई से जुड़े उद्यमियों के लिए शीघ्र औद्योगिक भूखंड स्कीम लांच करेगा। ये भूखंड 200 वर्ग मीटर से 7500 वर्ग मीटर तक के होंगे। प्रथम चरण में 17 भूखंड की स्कीम लांच की जाएगी। इसका आवंटन ई-नीलामी के जरिए होगा।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ये प्लाट नोएडा के सेक्टर-7,8,10,80,62 और 164 में है। इनका आवंटन ई ऑक्शन के जरिए किया जाएगा। प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि प्लाट आवंटन के जल्द की स्कीम लांच की जाएगी।

नोएडा एक उत्कृष्ट क्षेत्र

कागजी कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा अन्य सेक्टरों में भी खाली लैंड देखी जा रही है।

प्राधिकरण ने बताया कि आवंटन के लिए बोली लगाने से पहले प्लाटा के रिजर्व प्राइज का 10 प्रतिशत जमा करना होता है। आवंटन होने पर 30 प्रतिशत और बाकी का किस्तों में देना होता है। योजना के तहत क्या क्राइटेरिया तय किया जाएगा। ये ब्राशर सामने आने के बाद तय हो सकेगा।

# थल सेना अध्यक्ष कल नोएडा में शहीद स्मारक में शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-29 स्थित शहीद स्मारक पर कल यानी 15 फरवरी को शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस मौके पर थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी बतौर मुख्य अतिथि शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता द्विवेदी भी रहेंगी।

शहीद स्मारक संस्थान के मीडिया प्रभारी एडमिरल नरेन्द्र महाजन ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थल सेना अध्यक्ष के बाद तीनों सेनाओं के फ्लैग रैंक अधिकारी, गौतमबुद्धनगर के 42 शहीदों के परिवार, संस्था के अध्यक्ष, आईएएस और आईएफएस अधिकारी, अरुण विहार और जलवायु विहार संस्थानों के प्रमुख, स्कूलों के प्रधानाचार्य और छात्र और आम नागरिक उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। ट्राई सर्विसेज गार्ड और बिगुलर उपस्थित रहेंगे। इसके बाद एपीएस के लॉन में मुख्य अतिथि और सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रतिनिधि आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर करेंगे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# आर्थिक अपराध शाखा करेगी दो बिल्डरों के वित्तीय अनियमितताओं की जांच

## नोएडा प्राधिकरण ने ईओडब्ल्यू को लिखा पत्र

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण ने ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड की दो परियोजनाओ में वित्तीय अनियमितता की जांच के लिए आर्थिक अपराध शाखा दिल्ली को पत्र लिखकर आग्रह किया है। इन दोनों परियोजनाओं पर कुल 1589.27 करोड़ रुपए बकाया है। इन लोगों ने योजना के तहत फ्लैट बनाए। आवंटन किया और पैसे प्राधिकरण में न जमाकर अन्य परियोजनाओं में लगा दिए।




प्राधिकरण ने बताया कि ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच-03 सेक्टर-100 में 1 लाख 20 हजार वर्गमीटर जमीन का आवंटन 24 दिसंबर 2008 को रेड फोर्ट जहॉगीर प्रोपर्टी प्राइवेट लिमिटेड व नाम बदलकर ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टीज को किया गया। 30 दिसंबर 2008 को कंपनी के नाम लीज डीड की गई। आवंटी पर करीब 495.85 करोड रुपए बकाया है। जमा करने के लिए प्राधिकरण ने कई बार नोटिस जारी किए।

प्राधिकरण ने बताया कि इस परियोजना के प्रमोटर विदुर भरद्वाज, निर्मल सिंह, सुरप्रीत सिंह सूरी, गुरुबक्श सिंह , सुभाष बेदी और कल्याण यनमेंद्र ने परियोजना के फ्लैट बेचकर तृतीय पक्षीय अधिकार पैदा किए और पैसा प्राधिकरण के खाते में जमा नहीं करके अन्य स्थानों पर लगाया गया। जिससे फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री नहीं हो सकी। साथ ही प्राधिकरण को वित्तीय हानि का सामना करना पड़ा। ऐसे में प्राधिकरण में उक्त परियोजना के प्रमोटर की वित्तीय अनियमितताओं के लिए ईओडब्ल्यू को पत्र लिखा है।

इसके अलावा भूखंड संख्या जीएच-05 सेक्टर-110 में 1 लाख 64 हजार 120 वर्गमीटर का आवंटन 10 दिसंबर 2009 को ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को किया गया। 29 दिसंबर 2009 को लीज डीड की गई। इस परियोजना पर प्रमोटर का करीब 1093.42 करोड़ बकाया है। ये पैसा बिल्डर ने अब तक प्राधिकरण में जमा नहीं किया। इस परियोजना में उक्त प्रामोटर ने फ्लैट बेचकर पैसा कमाया। लेकिन प्राधिकरण में जमा नहीं किया। प्राधिकरण में ईओडब्ल्यू को जांच के लिए आग्रह किया है।


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)

कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस